UPKJ010018972026

**न्यायालय जनपद न्यायाधीश, कन्नौज।**

**पीठासीन अधिकारी–नरेन्द्र कुमार झा, उच्चतर न्यायिक सेवा–UP02007**

प्रकीर्ण सिविल वाद संख्या–43/74/2026

मान सिंह बनाम हंसराज

**दिनांक–05.08.2026**

प्रकीर्ण सिविल वाद प्रस्तुत हुआ। उक्त प्रकीर्ण वाद मूल वाद की डिक्री दाखिल न करने पर संस्थित हुआ था। आज प्रार्थी मान सिंह के विद्वान अधिवक्ता ने मूलवाद में पारित निर्णय की डिक्री दाखिल कर दी है, जिससे न्याय की मंशा पूर्ण हो चुकी है। अब वर्तमान प्रकीर्ण सिविल वाद का अस्तित्व में रहने का कोई औचित्य नहीं है। उपरोक्त परिस्थितियों में प्रकीर्ण सिविल वाद निस्तारित किए जाने योग्य है।

**आदेश**

उपरोक्त परिस्थितियों में प्रार्थी मान सिंह की ओर से प्रस्तुत प्रकीर्ण सिविल वाद संख्या–43/2026 मान सिंह बनाम हंसराज निस्तारित किया जाता है। सिविल अपील अंगीकरण के बिन्दु पर सुनवाई हेतु दिनांक **14.08.2026** को पेश हो।

**(नरेन्द्र कुमार झा )**
**जनपद न्यायाधीश,**
**कन्नौज।**
J.O.CODE–UP02007

Digitally signed by NARENDRA KUMAR JHA
Date: 2026.08.05 17:40:50 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court, Kannauj.